पुलिस ने चोरी/लूट की घटना का किया खुलासा, 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की कार सहित अन्य सामान बरामद

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद श्रावस्ती में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष आशीष कुमार थाना गिलौला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 46/2026 धारा 123, 303(2) बीएनएस से संबंधित घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 सफेद औरा कार सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान बरामद किया गया।

वादी सत्यम पटेल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट बालामऊ थाना कछौना जनपद हरदोई द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना गिलौला पर मु0अ0सं0 46/2026 धारा 123, 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचना के दौरान 12 अप्रैल 2026 को थाना गिलौला पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मोहम्दापुर मोड़ के पास नव निर्मित बाईपास पर घेराबंदी कर वाहन को

रोका गया। वाहन में सवार 03 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ एवं तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से चोरी की कार, 02 एंड्रायड मोबाइल, 02 एटीएम कार्ड तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए। बरामद वाहन की जांच करने पर उक्त कार वादी मुकदमा के नाम पंजीकृत पाई गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे सुनियोजित तरीके से किराये पर वाहन बुक करते थे, तत्पश्चात चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर देते थे और वाहन को लूटकर नेपाल ले जाकर बेच देते थे। अभियुक्तों द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार की कई घटनाएं करना स्वीकार किया गया है। फर्द बरामदगी व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में धारा 317(2), 317(4), 61(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी की समस्त कार्यवाही ई–साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियो रिकॉर्ड कर नियमानुसार संपन्न की गई। अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्तगण पंकज गोस्वामी उर्फ रवि शंकर पुत्र ज्ञानचन्द गोस्वामी नि0 ग्राम लौकाही थाना हुजुरपुर जनपद बहराइच, अजीत कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद गोस्वामी नि0 ग्राम पांचपुर चिड़िया दा0 जगतापुर थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा, सुनील वर्मा पुत्र रामचन्द्र वर्मा नि0 ग्राम ओदरहना थाना फरधान जनपद लखीमपुर खीरी के कब्जे से 01 अदद सफेद कार औरा, 02 अदद एण्ड्रायड मोबाइल, 02 अदद एटीएम कार्ड, 01 अदद वोटर आईडी कार्ड, 01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद ई–श्रम कार्ड, 01 अदद आधार कार्ड, 01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस, 01 अदद पेटीएम क्यूआर कोड, 01 अदद टूरिस्ट परमिट बरामद हुई।